## महत्वपूर्ण एवं खास

### बंद खाते का 19 लाख रूपये का चेक थमा दिया, जुर्म दर्ज

**रायपुर (आरएनएस)।** राजधानी के कोतवाली थाना क्षेत्र में उधार की रकम लौटाने के लिए एक व्यक्ति द्वारा अपने बंद हो चुके खाते का 19 लाख रूपये का चेक एक महिला को पकड़ा दिया, जिसकी रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार आरोपी महेन्द्र कोचर पिता मोतीलाल 44 वर्ष निवासी बुढ़ापारा रायपुर ने करीब दो माह पूर्व सफायर ग्रीन विधानसभा निवासी श्रीमती राधादेवी अग्रवाल से 19 लाख रूपये उधार लिए थे। उक्त रकम को लौटाने के लिए महेन्द्र ने राधादेवी को 19 लाख रूपये का चेक यश बैंक के नाम पर दिया था। लेकिन जब प्रार्थियां के बेटे ने जब चेक का आहरण कराना चाहा तो पता चला कि आरोपी ने जिस बैंक का चेक दिया था, उस बैंक में आरोपी के खाता 2014 में ही बंद हो चुका है। पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ धारा 420, 467, 468 के तहत जुर्म दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

### बेकरी दुकान का ताला टूटा, 1 लाख 20 हजार रूपये पार

**रायपुर (आरएनएस)।** खम्हारडीह थाना क्षेत्र के नालापारा कचना में एक बेकरी दुकान का अज्ञात आरोपियों ने ताला तोड़कर नगदी एक लाख 20 हजार रूपये एवं एक मोबाईल फोन चोरी कर ले गये। घटना 5-6 अक्टूबर की रात की है। प्रार्थी गुंटू धर्मा राव की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धारा 457, 380 के तहत जुर्म दर्ज किया है।

### रायपुरा में चाकूबाजी, एक घायल

**रायपुर (आरएनएस)।** शहर के रायपुरा में आपसी विवाद पर कुछ युवकों ने एक युवक पर चाकू से मारकर घायल कर दिया। दीनदयाल उपाध्याय नगर थाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 5 अक्टूबर की रात करीब 10.30 बजे अयोध्यानगर चंगारोभाठा निवासी प्रार्थी रघुनाथ साहू 47 वर्ष के बेटे चेतन से आरोपी पवन कुमार यादव एवं अन्य ने पुरानी किसी बात पर विवाद करते हुए उस पर चाकू से हमला कर दिया, जिससे उसे चोटें आई है। घटना की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 506, 323, 34 के तहत जुर्म दर्ज किया है।

### पत्थर मारकर पुत्र ने किया पिता की हत्या, आरोपी फरार

**कोरबा।** जमीन विवाद को लेकर पिता की हत्या कर दिए जाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। कमरे में बंद करने के बाद छप्पर में चढ़ ताबड़तोड़ पत्थर बरसाया। घटना को अंजाम देकर पुत्र मौके से फरार हो गया। घायल पिता को दूसरे पुत्र ने इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया था, जहां इलाज के दौरान रविवार को उसकी मौत हो गई। कटघोरा थाना अंतर्गत ग्राम पुटुवा में दयाराम यादव पिता बुधराम यादव अपने छोटे पुत्र रमेश यादव 25 के साथ रहता था। उसका बड़ा पुत्र नरेश अपने परिवार के साथ दूसरे गांव में रहता है। दयाराम और रमेश के बीच जमीन को लेकर लंबे समय से विवाद चला आ रहा था। इसके अलावा वह नशे का आदि था और अक्सर अपने पिता के साथ मारपीट करता था। शनिवार की सुबह बाप बेटे के बीच जमीन को लेकर विवाद हुआ। गुस्से में रमेश ने पिता को मारने के लिए उतारू हो गया। यह देख दयाराम ने घर का दरवाजा बंद कर दिया। रमेश ने कमरे की कुंडी बाहर से लगा दी और छप्पर पर चढ़कर पत्थर और ईंट से पिता पर हमला करने लगा। एकाएक हुए हमले से दयाराम संभल नहीं पाया। उसके सिर व शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोट आई। लहूलुहान अवस्था में वह बेहोश हो गया। घटना की जानकारी नरेश को गांव वालों ने दी। नरेश ने 112 की मदद से पिता को कटघोरा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान रविवार को उसकी मौत हो गई।

## गांधी विचार पदयात्रा: सिंहदेव के नेतृत्व में निकली पदयात्रा

**रायपुर (आरएनएस)।** गांधी विचार पदयात्रा के चौथे दिन कुरूद विकासखंड के नगर पंचायत भखारा से प्रदेश के लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री टी.एस. सिंहदेव के नेतृत्व में पदयात्रा निकली। पदयात्रियों का दल सुबह 11.00 बजे ग्राम सुपेला पहुंचा, जहां पर ग्रामीणों ने उनका अभूतपूर्व स्वागत किया।

सुपेला ग्राम में आयोजित सभा को संबोधित करते हुए स्वास्थ्य मंत्री सिंहदेव ने कहा कि महात्मा गांधी का जीवन



अपने आप में प्रेरक है। उन्होंने अनेक पदयात्राएं निकालकर देश का एकीकरण किया। मनुष्य अपनी गलतियों से सीखकर ही कामयाबी की ओर बढ़ता है, ऐसे ही कार्यों से गांधीजी ने विश्व पटल में भारत देश को स्थापित किया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री ने प्रदेश सरकार द्वारा किसानों की ऋणमाफी को गांधीजी के विचार का हिस्सा बताया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं कोंडागांव विधायक मोहन मरकाम ने अपने उद्बोधन में मुख्यमंत्री बघेल की महत्वाकांक्षी योजना सुराजी गांव के तहत नरवा, गरवा, घुरवा और बारी से स्वावलंबी बनने का आव्हान किया, साथ ही ग्रामीणों की मांगों को पूरा करने हरसंभव प्रयास करने का आश्वासन दिया। पदयात्रा में बिलासपुर विधायक शैलेश पांडेय, कसडोल विधायक सुश्री शकुंतला साहू, कोरिया विधायक श्रीमती अंबिका सिंहदेव, महासमुंद विधायक विनोद चंद्राकर, सरायपाली विधायक किस्मतलाल नंद सहित प्रदेश एवं स्थानीय स्तर के वरिष्ठ जनप्रतिनिधिगण और बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## कोयले से लदी मालगाड़ी में लगी आग से मचा हड़कंप

**रायपुर (आरएनएस)।** राजधानी रायपुर से लगे डब्ल्यूआरएस कालोनी के निकट रेलवे ट्रेक में खड़ी एक मालगाड़ी में आग लगने की सूचना मिल रही है। बताया जाता है कि मालगाड़ी पूरी तरह से कोयले से लदी है, इसीलिए आग तेजी से फैल रही है। मालगाड़ी डब्ल्यूआरएस कालोनी से लगे ट्रेक में खड़ी है, इसलिए आग फैलने से यहां एक तरह से अफरातफरी मच गई। तत्काल इसकी सूचना रेलवे प्रशासन को दी गई। चूंकि डब्ल्यूआरएस कालोनी के ठीक पहले डीआरएम कार्यालय है, लिहाजा सूचना मिलते ही यहां बड़ी संख्या में रेलवे के अफसर भी पहुंच गए। इस दौरान दमकल विभाग को भी इसकी सूचना दे दी गई थी। बताया जाता है कि रेलवे यातायात तथा सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए इस ट्रेक के ऊपर से गुजर रही ओएचई में विद्युत सप्लाई रोक दी गई है। मौके पर पहुंचे दमकल कर्मचारियों को भी समझ नहीं आ रहा था कि आग पर काबू कैसे पाया जाए। रेलवे अफसरों के निर्देश पर पहले उन बोगियों में आग को बुझाया गया, जिसमें आग ज्यादा भड़क रही थी। इसके बाद बोगियों को अलग करने का जतन शुरू किया गया।

## सब्जी लोड पिकअप पलटी, मजदूर की मौत

**» उमरेली के पास हादसा, चालक फरार**

**कोरबा (आरएनएस)।** रायगढ़ से देर रात को सब्जी लेकर कटघोरा आ रही पिकअप वाहन के चालक की लापरवाही के कारण उमरेली मोड़ पर आधी रात के लगभग पलट जाने से खलासी बालाघाट निवासी 20 वर्षीय युवक की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद चालक वाहन छोड़कर भाग निकला। रायगढ़ निवासी चालक बबलू चौबे उम्र 30 रायगढ़ की पिकअप वाहन क्रमांक सीजी.13 जेड.0950 में सब्जी लेकर अक्सर कोरबा बुधवारी बाजार बालको, कटघोरा लाया करता था। इसी वजह से वह अपने वाहन में कटघोरा के थोक सब्जी व्यवसायी को देने के लिए गोभी, मिर्च, शिमला मिर्च व अन्य सब्जियां लेकर देर रात को रायगढ़ से कटघोरा आने के लिए निकला था। वाहन लेकर पिकअप चालक चौबे कोरबा जिले के उरगा थानांतर्गत उमरेली के पास रात्रि 1 बजे के लगभग पहुंचा ही था कि तेज गति से वाहन चलाए जाने के कारण अनियंत्रित होकर पिकअप उमरेली मोड़ पर पलटकर सड़क के नीचे खाई में जा गिरी, जिससे कि उसमें खलासी के रूप में कार्यरत बालाघाट जिले के ग्राम कंदरीकला निवासी नरेंद्र सहारे उम्र 20 पिता तिलकराम सहारे की दबकर मौके पर ही मौत हो गई।

## चार हाथियों का समूह जटगा रेंज की सीमा लांघा, चैतमा में कर रहे विचरण

**कोरबा (आरएनएस)।** कटघोरा वनमंडल में इन दिनों 60 हाथियों का दल विचरण कर रहा है। जिसमे 40 हाथी का झुंड केंदई रेंज में मंडरा रहे है, तो वहीं केंदई रेंज से लगे जटगा रेंज की सीमा को भी चार हाथी के समूह ने लांघ दिया है तथा इस रेंज के मेरउड़ पहाड़ में उक्त हाथी विचरण कर रहे है। हाथी के सीमा लांघ जटगा रेंज में प्रवेश करने की सूचना रेंजर मोहरसिंह मरकाम को मिलने पर वनअमला के माध्यम से मेरउड़ पहाड़ के आसपास बसे रहवासी इलाकों



में अलर्ट जारी करने के साथ मुनादी के माध्यम से ग्रामीणों को सतर्क किया जा चुका है। वही वनअमला इन हाथियों के गतिविधि पर लगातार नजर रखे हुए है। तथा उनके लोकेशन से अधिकारी को अवगत कराया जा रहा है।

इस संबंध पर रेंजर मरकाम ने बताया कि 60 हाथियों के दल से अलग विचरण करते हुए चार हाथी का समूह बीती रात जटगा परिक्षेत्र में प्रवेश कर चुका है। तथा मेरउड़ पहाड़ में विचरण करते हुए चैतमा रेंज की सीमा में पहुँच गए है। फिलहाल अभी तक किसी प्रकार के नुकसान किये जाने की जानकारी नही मिली है लेकिन आसपास क्षेत्र के रहवासियों को सावधानी बरतने कहा गया है व हाथी के लोकेशन की खबर हरपल की ली जा रही है। वहीं चैतमा रेंजर कुजूर ने जानकारी में बताया कि तेलसरा- उड़ान के समीप हाथियों की दस्तक भांपी गई है एवं पैरों के निशान पाए गए है। जिस लिहाज से आसपास ग्रामीण इलाकों में मुनादी करा दी गई है तथा हाथियों के विचरण पर नजर रखा गया है।

ज्ञात हो कि कोरबा वनमंडल में कोहराम मचाने के बाद हाथियों का दल कटघोरा वन मंडल में पिछले कुछ महीनों से लगातार बने रहने के कारण वन अधिकारियों की नींदे उड़ गई है।

### नदी से रेत उत्खनन कर ट्रैक्टर में परिवहन कराया जा रहा

**कोरबा (आरएनएस)।** रेत खदान को लेकर एक तरफ प्रशासन निर्णय नहीं ले पा रहा है। दूसरी ओर मौके का फायदा उठाकर लोग रोज दर्जनों ट्रैक्टर रेत निकाल रहे हैं। देवरी, सलिहानाला, खोलार नदी से रेत उत्खनन कर ट्रैक्टर में परिवहन कराया जा रहा है। अनुसूचित क्षेत्र होने के कारण 15 रेत खदानों की नीलामी प्रक्रिया को खनिज विभाग ने निरस्त कर दिया था। इसके बाद खनिज विभाग के अधिकारी रेत उत्खनन पर रोक नहीं लगा पा रहे हैं। इससे रायल्टी का नुकसान हो रहा है। इसी तरह कुसमुंडा क्षेत्र में नदी से रेत ले जाकर एक स्थान पर डंप किया गया है। इसे ऐश ब्रिक्स प्लांट में खपाया जा रहा है।

आवश्यकता है
CAREER SCHOOL
अंग्रेजी माध्यम (English Medium) में कक्षा 8 वीं, 9वीं एवं 10वीं के लिए
गणित एवं अंग्रेजी विषय हेतु अनुभवी एवं योग्य शिक्षकों की आवश्यकता है।
वेतन योग्यतानुसार
मिलने का समय- सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक
अभ्यार्थी अपना संपूर्ण बायोडाटा के साथ उपस्थित होवें।
CAREER SCHOOL
श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, रायगढ़

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com
Social Justice Union
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
अधिकार से न्याय तक
आवश्यकता
उद्देश्य एवं नियुक्तियां
मुख्य बिन्दु
पीड़ित संपर्क करें
अन्य बिन्दु
पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
:: Address ::
Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001
www.nyaysakshi.com
सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU




तत्काल आवश्यकता है
न्यायसाक्षी समाचार-पत्र हेतु कम्पयूटर ऑपरेटर, सर्वे करने के लिए, बंडल कार्य हेतु, एवं रिपोर्टर/संवाददाता रायगढ़ एवं जशपुर जिले के लिए तत्काल चाहिए ... संपर्क करें...
न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग.
मो. नं. 9039961090
ऑफसेट प्रिंटिंग - न्यूज पेपर प्रिंटिंग
वेस्ट जर्मनी की ऑफसेट मशीन *हेडलबर्ग* से 4 कलर की सभी तरह की प्रिंटिग होती है। प्रिंटिंग जॉब हेतु सम्पर्क करें....
न्यायसाक्षी प्रिंटर्स एण्ड प्रेस
श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग. मो. नं. 9589876400

न्यायसाक्षी समाचार- पत्र की
खरसिया, सारंगढ़, पुसौर, मनार, घरघोड़ा, धरमजयगढ़, पत्थलगांव लुड़ेग, कांसाबेल, कुनकुरी, जशपुर एवं आसपास के क्षेत्रों में एजेंसी देना है, तत्काल संपर्क करें।
स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़, छ.ग.
संपर्क करें मो.नं. 9039961090